अध्याय 43

भाइयों की मिस्र वापसी

याकूब के पुत्र अपने परिवार के लिए खाद्य-सामग्री के साथ कनान वापिस आ गए, इस बात से अनजान कि उनका धन उनके बोरों में ही वापिस भेज दिया गया है (अध्याय 42)। शिमोन मिस्र की कैद में ही रह गया था, परन्तु याकूब ने उसे छुड़ाने के लिए अपने पुत्र बिन्यामीन को वहाँ भेजने के विचार को स्वीकार नहीं किया। परन्तु अकाल जारी रहा और आखिरकार उनका भोजन समाप्त हो गया (अध्याय 43)। स्थिति इतनी निराशाजनक हो गई कि याकूब के पास अन्य और कोई उपाय न था। अनाज खरीदने और शिमोन को छुड़ाने के लिए उसने बिन्यामीन को अपने अन्य पुत्रों के साथ भेज दिया।

बिन्यामीन को मिस्र भेजने की अनुमति देने के लिए याकूब को यहूदा की विनती (43:1-15)

1और अकाल देश में और भी भयंकर होता गया। 2जब वह अन्न जो वे मिस्र
से ले आए थे समाप्त हो गया तब उनके पिता ने उन से कहा, फिर जा कर हमारे
लिए थोड़ी सी भोजनवस्तु मोल ले आओ। 3तब यहूदा ने उससे कहा, उस पुरुष ने
हम को चितावनी देकर कहा, कि यदि तुम्हारा भाई तुम्हारे संग न आए, तो तुम
मेरे सम्मुख न आने पाओगे। 4इसलिए यदि तू हमारे भाई को हमारे संग भेजे, तब
तो हम जा कर तेरे लिए भोजनवस्तु मोल ले आएंगे; 5परन्तु यदि तू उसको न
भेजे, तो हम न जाएंगे: क्योंकि उस पुरुष ने हम से कहा, कि यदि तुम्हारा भाई
तुम्हारे संग न हो, तो तुम मेरे सम्मुख न आने पाओगे। 6तब इस्राएल ने कहा, तुम
ने उस पुरुष को यह बताकर कि हमारा एक और भाई है, क्यों मुझ से बुरा बर्ताव
किया? 7उन्होंने कहा, जब उस पुरुष ने हमारी और हमारे कुटुम्बियों की दशा को
इस रीति पूछा, कि क्या तुम्हारा पिता अब तक जीवित है? क्या तुम्हारे कोई
और भाई भी है? तब हम ने इन प्रश्नों के अनुसार उससे वर्णन किया; फिर हम
क्या जानते थे कि वह कहेगा, कि अपने भाई को यहां ले आओ। 8फिर यहूदा ने
अपने पिता इस्राएल से कहा, उस लड़के को मेरे संग भेज दे, कि हम चले जाएं;
इस से हम, और तू, और हमारे बालबच्चे मरने न पाएंगे, वरन जीवित रहेंगे। 9मैं
उसका जामिन होता हूं; मेरे ही हाथ से तू उसको फेर लेना: यदि मैं उसको तेरे
पास पहुंचाकर साम्हने न खड़ाकर दूं, तब तो मैं सदा के लिए तेरा अपराधी

ठहरूंगा। [10]यदि हम लोग विलम्ब न करते, तो अब तब दूसरी बार लौट आते। [11]तब उनके पिता इस्राएल ने उन से कहा, यदि सचमुच ऐसी ही बात है, तो यह करो; इस देश की उत्तम उत्तम वस्तुओं में से कुछ कुछ अपने बोरों में उस पुरुष के लिए भेंट ले जाओ: जैसे थोड़ा सा बलसान, और थोड़ा सा मधु, और कुछ सुगन्ध द्रव्य, और गन्धरस, पिस्ते, और बादाम। [12]फिर अपने अपने साथ दूना रुपया ले जाओ; और जो रुपया तुम्हारे बोरों के मुंह पर रखकर फेर दिया गया था, उसको भी लेते जाओ; कदाचित यह भूल से हुआ हो। [13]और अपने भाई को भी संग ले कर उस पुरुष के पास फिर जाओ, [14]और सर्वशक्तिमान ईश्वर उस पुरुष को तुम पर दयालु करेगा, जिस से कि वह तुम्हारे दूसरे भाई को और बिन्यामीन को भी आने दे: और यदि मैं निर्वंश हुआ तो होने दो। [15]तब उन मनुष्यों ने वह भेंट, और दूना रुपया, और बिन्यामीन को भी संग लिया, और चल दिए और मिस्र में पहुंचकर यूसुफ़ के साम्हने खड़े हुए।

आयत 1. याकूब और उसका परिवार सख्त ज़रूरत में थे क्योंकि **अकाल देश में और भी भयंकर होता गया** (देखें 41:31, 56, 57)। शब्द “भयंकर” כָּבֵד *(काबेद)* शब्द से अनुवादित किया गया है, जिसका शाब्दिक अर्थ है “गम्भीर।” इस सदंर्भ में, यह कनान देश में अकाल के प्रभाव का वर्णन करता है और इसका आलंकारिक अर्थ है। एक गम्भीर, असहनीय बोझ देश पर आ पड़ा और इसने उसी शब्द का वर्णन किया है जब उत्पत्ति 12:10 में अब्राहम के समय में भयंकर अकाल पड़ा था। *काबेद* इसी शब्द को मूसा के समय में मिस्र देश पर ओले गिरने के लिए भी प्रयोग किया गया है (निर्गमन 9:18, 24), और टिड्डीदल के लिए भी इसी शब्द का प्रयोग किया गया है जिसने कीड़े के रूप में सारी हरियाली को खा लिया था (निर्गमन 10:14)।[1] *काबेद* का प्रयोग संकेत करता है कि किस तरह से कनान में स्थिति भंयकर हो गई थी।

आयत 2. बाइबल अंश यह नहीं बताता है कि भाइयों के अनाज खरीदने गए की पहली यात्रा को हुए कितना समय बीत गया था। इसके बजाए मात्र इतना ही कहता है कि **जब परिवार में वह अन्न जो वे मिस्र से लाए थे समाप्त हो गया**, याकूब ने अधिक सामग्री की ज़रूरत के लिए यात्रा करने के प्रति अपना मन बदल लिया। पहले उसने अपने पुत्रों को अपने साथ बिन्यामीन को ले जाने के लिए मना कर दिया था, अपने तीसरे पुत्र को खो देने का भय था (42:36, 38); परन्तु इस समय तक सारा परिवार भूख से मरने के खतरे में था। इसलिए, उनके पिता ने उन से कहा, “फिर जाकर हमारे लिए थोड़ी सी भोजनवस्तु मोल ले आओ।”

आयतें 3-5. पहले, रूबेन याकूब को मनवाने में विफल रहा कि उनके साथ बिन्यामीन का जाना कितना ज़रूरी है (42:37)। इस वृद्ध ने बहुत समय पहले ही अपने पहलौठे पुत्र का विश्वास खो दिया था। रूबेन ने न केवल बिल्हा के साथ कुकर्म ही किया था (35:22), परन्तु यूसुफ़ को बचाने में भी असफल रहा (37:29-35) और मिस्र से भी शिमोन के बिना ही वापिस आ गया था (42:24, 36)। भाइयों की मिस्र की दूसरी यात्रा के दौरान बिन्यामीन की सुरक्षा के लिए

वह किस पर भरोसा कर सकता था? शिमोन उसका दूसरा पुत्र, परिवार में उत्तरदायित्व लेने के दूसरे स्थान पर था; निस्संदेह, उसकी विश्वासयोग्यता प्रश्न न्यायसंगत नहीं था, वह जबकि मिस्र में कैद था। लेवी, याकूब का तीसरा पुत्र, अगुआई करने के लिए एक अच्छा उम्मीदवार नहीं था क्योंकि वह शकेम के विरुद्ध घात करने में शिमोन का सहभागी था। वह भी अपने पिता की दृष्टि में गिरा हुआ था (34:25-30)।

इसलिए, **यहूदा**, बड़ा पुत्र पिता के साथ अच्छी स्थिति में था, अगुआई के खाली स्थान को भरने के लिए वह आगे आया (देखें 49:8-10)। उसने याकूब को स्मरण करवाया कि मिस्री शासक ने **चेतावनी देकर** हमसे कहा था, **यदि तुम्हारा भाई तुम्हारे संग न आए, तो तुम मेरे सम्मुख न आने पाओगे** (43:3)। इस संदर्भ में, "मेरे सम्मुख न आने पाओगे" यह राज-दरबार की भाषा है और इसका अर्थ है "याकूब के साथ विधिपूर्वक भेंट।"[2] बिन्यामीन के बिना, उन्हें उसके पास जाने की अनुमति नहीं मिलेगी।

यहूदा ने अपने पिता से बड़े स्पष्ट शब्दों से कहाः **यदि तू हमारे भाई** [बिन्यामीन] **को हमारे संग भेजे, तब तो हम जाकर तेरे लिए भोजनवस्तु मोल ले आएंगे; परन्तु यदि तू उसको न भेजे, तो हम न जाएंगे** (43:4, 5)। यह अन्तिम शर्त (अल्टीमेटम) उसकी अपनी थी; उसने मिस्री शासक (यूसुफ़) के शब्दों को दोहराया था जिसने शिमोन को कैद में डाल दिया था और उन्हें कहा था, "**यदि तुम्हारा भाई तुम्हारे संग न हो, तो तुम मेरे सम्मुख न आने पाओगे**" (43:5)।

आयत 6. इस्राएल (याकूब) अपने पुत्रों की ओर मुड़ा और उनसे कहा, **तुम ने उस पुरुष को यह बताकर कि हमारा एक और भाई है, क्यों मुझ से बुरा बर्ताव किया?** अपने पुत्रों के अविवेकी कार्यों के द्वारा उस पर विपत्ति लाने का आरोप यह पहली बार नहीं था (34:30); वह इस बात से अनजान था कि उन्होंने यूसुफ़ को बेचकर और फिर याकूब को उसे मरा हुआ बताकर (37:25-35) उसके साथ कैसा बुरा बर्ताव किया है।

आयत 7. भाइयों ने मिलकर अपने पिता के द्वारा लगाए गए आरोप पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि मिस्री शासक के द्वारा की गई पूछताछ के जवाब बताने के अलावा उनके पास कोई चारा नहीं था या उसके मन में क्या था। उन्होंने कहा, **जब उस पुरुष ने हमारी और हमारे कुटुम्बियों की दशा को इस रीति पूछा, कि क्या तुम्हारा पिता अब तक जीवित है? क्या तुम्हारे कोई और भाई भी है?** दरअसल, 42:10-16 के अनुसार, यूसुफ़ ने भाइयों से इस तरह का सीधा प्रश्न नहीं किया था। उन्होंने अपने आप ही उसके द्वारा लगाए गए आरोप कि वे भेदिए हैं का खण्डन करते हुए सब कुछ बताया था। उन्होंने स्वयं को शूरवीर मिस्री शासक के आरोपों के सामने असहाय महसूस किया, और उनका भरोसा था कि अपनी सफ़ाई पेश करने के लिए अपने परिवार की सारी जानकारी देना ही एक अच्छा उपाय था कि वे वास्तव में कौन हैं। उन्होंने अपने पिता से कहा, "फिर हम क्या जानते थे कि वह कहेगा, कि अपने भाई को यहां ले आओ?"

आयत 8. इस समय, **यहूदा** एक बार फिर सामने आया, और अपनी 43:3-5 की बातचीत को जारी रखा। उसने **अपने पिता** से विनती की कि वह बिन्यामीन को भेजने में आना-कानी करने से रुक जाए और कहा, **उस लड़के को मेरे संग भेज दे।** बिन्यामीन के लिए कहा गया यहूदा के נַעַר *(नार)*[3] "लड़के को" सम्बोधन से कुछ लोग परेशान हो गए। बिन्यामीन सच्च में ही छोटा बच्चा नहीं था या यहाँ तक कि इस समय[4] किशोरावस्था में भी नहीं था। यूसुफ़ अब उनतालीस वर्ष का था[5]; भले ही बिन्यामीन अपने भाई से कुछ ही वर्ष छोटा था, निश्चय ही वह अब वयस्क था। यहूदा सम्भवतः स्नेहशील-भाव से अपने पिता के भाव पर ज़ोर देते हुए इस शब्द का प्रयोग करता है। भले ही बिन्यामीन परिपक्व व्यक्ति था, वह सबसे छोटा था और हमेशा अपने पिता की दृष्टि में लड़का (नार) ही था।

याकूब को वास्तविकता का सामना करने की ज़रूरत थी, और यहूदा का कहना प्रभावशाली था। यह अन्य पुत्र (बिन्यामीन) को खोने की सम्भावना का प्रश्न नहीं था। जब कि इन लोगों ने आपस के वादविवाद में समय नष्ट कर दिया, सारा परिवार निश्चित भुखमरी का सामना कर रहा था। इसलिए, यहूदा ने सख्त बात कही कि उसे और भाइयों को तुरन्त मिस्र चले जाना चाहिए, ताकि **वे जीवित रहें और मरे नहीं**। यह वही शब्द थे जो याकूब ने प्रयोग किए थे जब उसने अपने पुत्रों को पहली बार मिस्र से अनाज खरीदने के लिए भेजा था (42:2)।

यहूदा की चिन्ता सारे परिवार के लिए थी, जिसमें तीन पीढ़ियाँ शामिल थीं: (1) **तुम** याकूब का उल्लेख किया (और, आशय से, उसकी बाकी पत्नियां); (2) हम जिसमें याकूब के पुत्र (और, आशय से, उसकी बहुएँ); और (3) **हमारे छोटे बच्चे** याकूब के पोते-पोतियों का उल्लेख (देखें 45:19; 46:8-26; 47:12)।

आयत 9. स्पष्टतः, यहूदा अपने वृद्ध पिता से बेहतर न्याय कर रहा था। बिन्यामीन के सम्बन्ध में, याकूब तर्क की बजाए भावनाओं के नियन्त्रण में था। यहूदा जानता था कि मिस्र जाने के अलावा उनके पास और अन्य कोई चारा नहीं है; अपनी विनती की गम्भीरता को दर्शाने के लिए उसने अपने पिता से दृढ़ वाचा बांधीः **मैं उसका जामिन होता हूँ; इसके लिए आप मुझे ज़िम्मेदार ठहराएं।** "जामिन होने" की बजाए अन्य अंग्रेजी संस्करण बताते हैं कि यहूदा ने "गारंटी" दी (NIV; NLT) या "ज़मानती बना" (ESV) बिन्यामीन की सुरक्षा का।[6] यहूदा इस बात की व्याख्या नहीं करता कि उसने किस तरह की "ज़मानत" दी। कुछ लोग सोचते हैं उसने अपने ही प्राण को रख दिया यदि वह बिन्यामीन को सुरक्षित लाने में विफल रहा और उसको पिता के **सामने** न ला सका। यह व्याख्या पहले से की गई रूबेन की प्रतिज्ञा का समर्थन करती है कि यदि वह बिन्यामीन को मिस्र से वापिस न लाए तो वह उसके दोनों पुत्रों का घात कर दे (42:37)। परन्तु पद 9 का अन्तिम भाग इस विचार के विरुद्ध तर्क करता है। यहाँ उसने कहा, **तो मैं सदा के लिए तेरा अपराधी ठहरूंगा** (देखें 44:32)। ऐसा प्रतीत होता है कि यदि वह विफल हो जाता है तो वह स्वयं को जीवनभर इस लज्जा का दण्ड देगा।

आयत 10. बिन्यामीन की सुरक्षा की गारंटी के बाद, यहूदा ने याकूब को स्मरण करवाया कि यदि **उसने निर्णय करने में विलम्ब न किया होता** तो अब तक मिस्र में दो बार यात्रा **कर चुके होते** और परिवारों के लिए पर्याप्त अनाज भी होता।

आयत 11. यहूदा की विनती ने अपने **पिता** को भाइयों के साथ बिन्यामीन को मिस्र भेजने के लिए राज़ी कर ही लिया; परन्तु याकूब ने उनसे कहा कि वे खाली हाथ न जाएँ। इसके बजाए उन्हें प्रथागत कार्य को करना चाहिए (देखें 1 शमूएल 16:20; 17:18; 2 राजा 5:15) और मिस्री शासक के लिए **उपहारों** מִנְחָה *(मिनचाह)* से उनके बोरे भर दिए। याकूब ने मुसीबत का सामना करने के लिए बड़ी सफलतापूर्वक इस तरीके का प्रयोग किया था जब एसाव अपने चार सौ पुरुषों को लिए हुए उसके दल की ओर बढ़ रहा था। उसने पशुओं के उपहार भेजने और उसके सामने झुकने के द्वारा अपने भाई को अपने से श्रेष्ठ माना (32:3-33:17)। निस्संदेह, अकाल के कारण से वर्तमान स्थितियाँ बहुत भिन्न थीं। कनान देश में भरपूर फसल के बजाए, अनाज जैसी खाने की वस्तुओं बहुत किल्लत थी। परन्तु याकूब के पास उस **देश की अच्छी अच्छी वस्तुएँ** अभी भी रखी हुई थीं ताकि उसके पुत्र मिस्री शासक को दे सकें। इन में राल माल भी शामिल थे जैसे कि थोड़ा सा **बलसान**, कुछ वस्तुएँ तो वही थीं जो इश्माएली सौदागर यूसुफ़ के साथ मिस्र ले गए थे (37:25)। याकूब के उपहार में और थोड़ा सा **मधु**, और कुछ **सुगन्ध द्रव्य**, और **गन्धरस, पिस्ते**, और **बादाम** भी शामिल थे। इन चीज़ों के होने का संकेत यह है कि कनान देश में दो वर्ष से अकाल होने के बावजूद भी भाइयों के पास यात्रा में अपने साथ ले जाने के लिए कुछ था।

आयत 12. इसके अतिरिक्त, याकूब ने अपने पुत्रों को पहली यात्रा में लाए गए अनाज का **दुगना रुपये ले जाने** का निर्देश दिया। मुख्य रूप से, वह यह चाहता था **कि पैसा जो** भाइयों के **बोरों** में मिला था या उनकी **गलती** से आ गया था, वह पैसा वापिस करने की इच्छा यह प्रमाणित करेगी कि वह चोर नहीं है। याकूब के आरम्भ के जीवन में, वह उन वस्तुओं को लेने में माहिर था जो उसकी अपनी नहीं होती थीं, विशेष रूप से अपने भाई के पहलौठे का अधिकार और मृत्यु शय्या की आशीष (25:27-34; 27:1-41)। उसने कष्टकारी सबक सीखा था कि इस तरह के कार्य कड़वे फल ही उपजाते हैं; उसके लिए परिणाम विनाशकारी था और जीवन का खतरा था। इसलिए, यह वृद्ध चाहता था कि उसके पुत्र मिस्री शासक से यह बात सपष्ट कर दें कि उनके बोरों में पैसा होना यह उनका विचार नहीं था, एक ईमानदार व्यक्ति होने के नाते वह इसे लौटाना चाहते हैं। इस पुनःभुगतान के बाद, बाकी दुगने पैसे के आधे हिस्से से वे और अनाज खरीद लेंगे।

आयत 13. याकूब ने अपने पुत्रों को अपने छोटे **भाई** को मिस्र जाने के लिए लाने से पहले वह पैसा वापिस ले जाने के लिए कहा। इससे इस बात का संकेत मिलता है कि उसकी प्राथमिकताएँ क्या स्थान रखती हैं और इन वर्षों के दौरान वह कितना बदल गया है। उसे पैसा वापिस लौटाने में कोई परेशानी नहीं है,

परन्तु अपने पुत्र को छोड़ना एक अलग बात थी। अपनी प्रिय पत्नी राहेल के अन्तिम बच्चे को खोना एक शोकजनक बात थी; और यह उस भयंकर अकाल के कारण सारे परिवार के लिए जीवन चलाने की बात थी जो वह आखिरकार बिन्यामीन को उसके भाइयों के साथ मिस्र भेजने के लिए राज़ी हो गया।

आयत 14. जब याकूब ने अनाज खरीदने के लिए पहले अपने पुत्रों को मिस्र में भेजा था, बाइबल अंश इस बात को प्रकट नहीं करता कि क्या उसने उनके लिए प्रार्थना की थी या नहीं; परन्तु इस समय हम देखते हैं कि वह बहुत परेशान था और असहाय महसूस कर रहा था। उसके मन में बहुत से प्रश्न घूम रहे होंगेः क्या वह दोबारा कभी बिन्यामीन को देख सकेगा? क्या शिमोन कैद से रिहा जाएगा? क्या उसके पुत्रों में से कोई इस खतरनाक यात्रा में उस शक्तिशाली और भयंकर दिखाई देने वाले मिस्री शासक से बच पाएगा? इस कष्ट के समय में, याकूब ने प्रत्यक्ष रूप से **सर्वशक्तिमान परमेश्वर** אֵל שַׁדַּי *(एल शाद्दय)* को याद किया, जिसने अब्राहम को दर्शन दिया (17:1), इसहाक को दर्शन दिया (28:3) और उसे भी दर्शन दिया था (35:11), विकट परिस्थितियों में उन्हें सम्भलने के लिए सांत्वना और आशा दी थी। अपने मन में इन विचारों को रखते हुए, अपने पुत्रों के लिए सर्वशक्तिमान परमेश्वर से प्रार्थना इस तरह से कीः **और सर्वशक्तिमान ईश्वर उस पुरुष को तुम पर दयालु करेगा, जिस से कि वह तुम्हारे दूसरे भाई को और बिन्यामीन को भी आने दे: और यदि मैं निर्वंश हुआ तो होने दो।** याकूब ने उत्तमता की आशा तो की थी, परन्तु सफलता की उसे कोई गारंटी नहीं थी; इसलिए उसने बुरे को स्वीकार करने के लिए परमेश्वर की इच्छा के अधीन कर दिया। सार में, उसने कहा, "यदि मैं अपने बच्चे खो दूँ, तो मुझे खोना ही है।"[7] उसके पास परमेश्वर की इच्छा को स्वीकार करने के बजाए और कोई विकल्प नहीं था।

आयत 15. याकूब की आशीष की प्रार्थना सामप्ति के साथ, उसके पुत्रों ने वह **भेंट, और रुपया** उनके पिता ने **उनके हाथ में दे दिया**। तब उन्होंने **बिन्यामीन** को संग लिया और चल दिए और मिस्र में पहुँचकर यूसुफ़ के सामने खड़े हुए।

भाइयों की यूसुफ़ के सेवकों से विनती (43:16-25)

[16]उनके साथ बिन्यामीन को देखकर यूसुफ़ ने अपने घर के अधिकारी से कहा, उन मनुष्यों को घर में पहुंचा दो, और पशु मारके भोजन तैयार करो; क्योंकि वे लोग दोपहर को मेरे संग भोजन करेंगे। [17]तब वह अधिकारी पुरुष यूसुफ़ के कहने के अनुसार उन पुरुषों को यूसुफ़ के घर में ले गया। [18]जब वे यूसुफ़ के घर को पहुंचाए गए तब वे आपस में डर कर कहने लगे, कि जो रुपया पहिली बार हमारे बोरों में फेर दिया गया था, उसी के कारण हम भीतर पहुंचाए गए हैं; जिस से कि वह पुरुष हम पर टूट पड़े, और हमें वश में करके अपने दास बनाए, और हमारे गदहों को भी छीन ले। [19]तब वे यूसुफ़ के घर के अधिकारी के निकट जा कर घर के द्वार पर इस प्रकार कहने लगे, [20]कि हे हमारे प्रभु, जब हम पहिली

बार अन्न मोल लेने को आए थे, [21]तब हम ने सराय में पहुंचकर अपने बोरों को खोला, तो क्या देखा, कि एक एक जन का पूरा पूरा रुपया उसके बोरे के मुंह में रखा है; इसलिए हम उसको अपने साथ फिर लेते आए हैं। [22]और दूसरा रुपया भी भोजनवस्तु मोल लेने के लिए लाए हैं; हम नहीं जानते कि हमारा रुपया हमारे बोरों में किस ने रख दिया था। [23]उसने कहा, तुम्हारा कुशल हो, मत डरो: तुम्हारा परमेश्वर, जो तुम्हारे पिता का भी परमेश्वर है, उसी ने तुम को तुम्हारे बोरों में धन दिया होगा, तुम्हारा रुपया तो मुझ को मिल गया था: फिर उसने शिमोन को निकाल कर उनके संग कर दिया। [24]तब उस जन ने उन मनुष्यों को यूसुफ़ के घर में ले जा कर जल दिया, तब उन्होंने अपने पांवों को धोया; फिर उसने उनके गदहों के लिए चारा दिया। [25]तब यह सुनकर, कि आज हम को यहीं भोजन करना होगा, उन्होंने यूसुफ़ के आने के समय तक, अर्थात दोपहर तक, उस भेंट को इकट्ठा कर रखा।

आयत 16. जब भाई मिस्र देश पहुँचे, उन्होंने वैसा ही किया जैसा उनके पिता ने उन्हें करने के लिए कहा था। सबसे पहले वह यूसुफ़ के निवास स्थान पर इस आशा के साथ गए कि उनकी उससे भेंट हो जाएगी। कुछ व्याख्यान विवरण इस तरह बताते हैं कि **यूसुफ़** उनकी प्रतीक्षा कर रहा था और उनकी राह देख रहा था क्योंकि उसे निश्चय था कि **बिन्यामीन** उनके साथ आएगा। परन्तु मिस्र देश को छोड़े हुए भाइयों को कनान देश गए बहुत महीने बीत गए थे। मिस्र देश का उच्चाधिकारी होने के नाते, खिड़की में बैठकर बाहर अपने भाइयों की वापिसी की प्रतीक्षा करने के अलावा उसके पास निश्चय ही बहुत काम था। सम्भवतः उसने अपने सेवकों में से किसी को उन्हें देखकर उसे तुरन्त समाचार देने का आदेश दे रखा था। जब यूसुफ़ को अपने भाइयों के आने के विषय में पता चला, इससे पहले वह उसे देखते उसने निश्चित रूप से उन्हें देख लिया था।

जो कुछ भी यूसुफ़ ने किया वह भाइयों के आने के बाद ही किया प्रत्यक्ष रूप से अनुभूति के आधार पर कि उसका छोटा भाई बिन्यामीन **उनके साथ** था। उसने अपने घरेलू सेवक को आदेश दियाः **उन मनुष्यों को घर पहुँचा दो।** तब सेवक को जाना था और एक **पशु को मार कर भोजन तैयार करना** था और सारी तैयारियाँ करनी थीं ताकि यह मनुष्य उसके साथ **दोपहर का भोजन** खाएँ (देखें 18:7, 8; लूका 15:23)।

आयत 17. भले ही सेवक इस बात को न समझ सके थे कि क्यों उनका धनी और शक्तिशाली स्वामी इन कनान से आए अजनबियों के मैले-कुचैले समूह के साथ भोजन करना चाहेगा (देखें 43:32), उन्होंने अपने स्वामी के आदेश का पालन किया और **उन मनुष्यों को यूसुफ़ के घर** या "महल" (NLT) **में ले गए।**

आयत 18. भाई चौकस हो गए जब उनको **यूसुफ़ के घर** ले जाया गया। उन्होंने सोचा कि मिस्री शासक उनको अपने जाल में फंसा रहा है। उन्होंने सोचा कि इस तरह से वह उन्हें दण्ड **देंगे क्योंकि धन बोरों में मिस्र की पहली यात्रा के दौरान लौटा दिया गया था।** स्वाभाविक रूप से वे डर गए थे कि वह उन पर धन

चुराने का आरोप लगाएगा। आगे उनको यह भी चिन्ता था कि इस अवसर को वे **उनके विरुद्ध** प्रयोग करेंगे और उनके आदमी उनको **घेर लेंगे**, उनको **दास** बना लेंगे और उनके **गधे** उनसे छीन लेंगे। इस शक्तिशाली शासक और उसके आदमियों के समाने भाई असहाय थे - वैसे ही असहाय जैसे यूसुफ़ उनके सामने था जब उन्होंने उसे व्यापारियों के हाथ बेच दिया था (37:25-28; 42:21)।

आयत 19. ज्यों ज्यों वे **यूसुफ़ के घरेलू सेवक** के साथ जा रहे थे, भाइयों ने **उससे घर के प्रवेश द्वार पर कहा**। प्रवेश के लिए इब्रानी शब्द פֶּתַח *(पेथाख)* जिसे "मुख" या "द्वार" के लिए भी अनुवादित किया जा सकता है।[8] बाइबल अंश का अर्थ है कि भाई आंगन में, यूसुफ़ के घर के सामने के द्वार पर थे (देखें 43:24)।

आयत 20. भाई शासक के घर में प्रवेश करने से पहले प्रत्यक्ष रूप से अपनी बात कहना चाहते थे, सम्भवतः पकड़े जाने के डर से और अपनी सफ़ाई में कुछ कहने का अवसर न मिलने के डर से। वे सब एक ही आवाज़ में उस सेवक बोले, हे हमारे प्रभु जब हम **पहली बार** मिस्र में **अन्न मोल** लेने आए थे।

आयत 21. तब उन्होंने यह बताया कि वे वापिस कनान जा रहे थे, जब वे **सराय में** ठहरे और अपने अपने बोरे खोले तो उनको बड़ी हैरानी हुई कि **प्रत्येक बोरे के मुँह पर उसके पैसे रखे हुए थे**। यहाँ दो घटनाओं का उनका विवरण 42:27, 28 (एक भाई के द्वारा पैसा पाया जाना) और 42:35 (सबके बोरों में धन पाया जाना) में एक ही संक्षिप्त विवरण है। यह सेवक को धोखा देने के लिए नहीं किया गया था, परन्तु शीघ्रता से अहम बात की ओर जाना थाः भाइयों की ईमानदारी का प्रकटीकरण वापिस लाए हुए **पूरे धन** से था।

आयत 22. उन्होंने अपनी सफ़ाई को इस पुष्टि के द्वारा जारी रखा कि और अनाज खरीदने के लिए भी उनके पास **पैसा है**, अनाज के **बोरों** में **पैसा** रखने का उनका कोई विचार नहीं था। भाइयों ने अपने आप ही यह सब उसको बताया जबकि इस विषय में भाइयों से कोई प्रश्न नहीं किया गया था और न ही उनके विरुद्ध कोई आरोप लगाया गया था। उनकी पहली यात्रा में उनके साथ किए गए मिस्री शासक के व्यवहार के आधार पर उन्होंने मान लिया कि वह उन पर चोरी का आरोप लगाएगा।

आयत 23. भाइयों ने जिस बात की आशा की थी उसके विपरीत यूसुफ़ के सेवक ने सांत्वना भरा उत्तर दिया। उसने उनकी चिन्ता को यह कहते हुए दूर किया कि परमेश्वर ने तुम्हारे बोरों में धन दिया होगा। इसलिए उसने उनसे कहा, **मत डरो,**[9] **तुम्हारा परमेश्वर, जो तुम्हारे पिता का भी परमेश्वर है, उसी ने तुम को तुम्हारे बोरों में धन दिया होगा**। तब सेवक ने कहा, **तुम्हारा रुपया तो मुझ को मिल गया था**। सारांश में, उसने परमेश्वर के अनुग्रह के रूप में उनको पैसा लौटाकर कार्य किया। यह सब भाइयों के लिए एक पहेली सी रही होगी और उनको राहत मिली और हैरानी हुई **जब शिमोन उनके पास लाया गया**। निश्चय ही इससे उन्हें संकेत मिल गया कि वह किसी तत्काल खतरे में नहीं हैं।

आयतें 24, 25. सेवक ने भाइयों का यूसुफ़ के घर में स्वागत किया और पानी दिया और उनके पाँव धोए। उसकी दया और आगे बढ़ी उसने उनके गधों

को चारा दिया। जबकि यह अतिथिसत्कार के प्रथागत कार्य थे (देखें 18:4; 19:2; 24:32; न्यायियों 20:21), इन लोगों को निश्चय ही ऐसे व्यवहार की आशा कभी नहीं की थी। तरोताज़ा होने के बाद, भाइयों ने अपनी **तैयारी की** या याकूब की **भेंट** को **दोपहर में आने वाले** मिस्री शासक के लिए "संजोया" (एनजेबी) (43:11, 15)। इन लोगों ने इसलिए ऐसा किया क्योंकि उनको बताया गया था कि **उनको वहीं पर भोजन खाना है**।

भाइयों और यूसुफ़ के द्वारा भोजन किया जाना (43:26-34)

26जब यूसुफ़ घर आया तब वे उस भेंट को, जो उनके हाथ में थी, उसके सम्मुख घर में ले गए, और भूमि पर गिरकर उसको दण्डवत किया। 27उसने उनका कुशल पूछा, और कहा, क्या तुम्हारा बूढ़ा पिता, जिसकी तुम ने चर्चा की थी, कुशल से है? क्या वह अब तक जीवित है? 28उन्होंने कहा, हां तेरा दास हमारा पिता कुशल से है और अब तक जीवित है; तब उन्होंने सिर झुका कर फिर दण्डवत किया। 29तब उसने आँखें उठा कर और अपने सगे भाई बिन्यामीन को देखकर पूछा, क्या तुम्हारा वह छोटा भाई, जिसकी चर्चा तुम ने मुझ से की थी, यही है? फिर उसने कहा, हे मेरे पुत्र, परमेश्वर तुझ पर अनुग्रह करे। 30तब अपने भाई के स्नेह से मन भर आने के कारण और यह सोचकर, कि मैं कहां जा कर रोऊं, यूसुफ़ फुर्ती से अपनी कोठरी में गया, और वहां रो पड़ा। 31फिर अपना मुंह धोकर निकल आया, और अपने को शांत कर कहा, भोजन परोसो। 32तब उन्होंने उसके लिए तो अलग, और भाइयों के लिए भी अलग, और जो मिस्री उसके संग खाते थे, उनके लिए भी अलग, भोजन परोसा; इसलिए कि मिस्री इब्रियों के साथ भोजन नहीं कर सकते, वरन मिस्री ऐसा करना घृणा समझते थे। 33सो यूसुफ़ के भाई उसके साम्हने, बड़े बड़े पहिले, और छोटे छोटे पीछे, अपनी अपनी अवस्था के अनुसार, क्रम से बैठाए गए: यह देख वे विस्मित हो कर एक दूसरे की ओर देखने लगे। 34तब यूसुफ़ अपने साम्हने से भोजन-वस्तुएं उठा उठा के उनके पास भेजने लगा, और बिन्यामीन को अपने भाइयों से पचगुणी अधिक भोजनवस्तु मिली। और उन्होंने उसके संग मनमाना खाया पिया।

आयत 26. मिस्र का उच्चाधिकारी होने के नाते, **यूसुफ़** की राजधानी में और बहुत सी ज़िम्मेदारियाँ थीं उसके साथ ही साथ नील नदी मुखभूमि (डेल्टा) पर भी ज़िम्मेदारियाँ थीं। प्रत्यक्ष रूप से वह अपने भाइयों को देखने के बाद अपने काम पर चला गया था, परन्तु बाद में वह **घर** लौट आया। तब **उसके भाई वह उपहार उसके पास लाए** जो याकूब ने उनके हाथ भेजे थे और उन्होंने उसके सामने धरती पर झुकने के द्वारा अपना आदर प्रकट किया। यह 42:6 की पुनरावृत्ति थी और यूसुफ़ के सपने की एक और पूर्ति थी। परन्तु, इस अवसर पर, सभी ग्यारह भाई वहाँ मौजूद थे, यूसुफ़ के दूसरे सपने "ग्यारह सितारे" के अनुरूप (37:7, 9, 10)।

आयतें 27, 28. इसके अतिरिक्त, जब तक भाइयों को सम्बोधित नहीं किया गया तब तक चुप रहने के द्वारा उन्होंने सही शिष्टाचार का परिचय दिया। यूसुफ़ ने **उनका कुशल** [שָׁלוֹם, *शालोम,* "शान्ति"] **पूछा।** वास्तविक प्रश्न जो वह अपने भाइयों से पूछ रहा था वह यह था, "क्या तुम में शान्ति [पूर्ण सुख] है?" परन्तु वह वहीं पर रुक नहीं गया; उसने वही प्रश्न याकूब के विषय भी किया: **क्या तुम्हारा बूढ़ा पिता, जिसकी तुम ने चर्चा की थी, कुशल** [*शालोम,* 'शान्ति से,' सुख के साथ] **से है?** यह जानते हुए कि याकूब इस समय बहुत बूढ़ा हो गया था, यूसुफ़ ने फिर पूछा, **क्या वह अब तक जीवित है?** भाइयों ने मिस्री शासक को बड़े ही विनम्र भाव से अपने पिता को दर्शाते हुए कहा, **तुम्हारा दास हमारा पिता।** उन्होंने उसे बताया कि **अभी तक जीवित है** और कुशल *(शालोम)* है। इन बातों को पूरा करने के बाद, तब उन्हों ने **सिर झुकाकर फिर दंडवत किया।**

आयत 29. यूसुफ़ प्रत्यक्ष रूप से अपने भाइयों की ओर देख रहा था जो उसके सामने झुके हुए थे, परन्तु **तब उसने अपनी आँखें उठाकर** उस चेहरे को **देखा** जो उसने कई वर्षों से नहीं देखा था। वह था **उसका सगा भाई उसकी माता राहेल का पुत्र बिन्यामीन**। उस क्षण अपने आवेश को रखते हुए, पहेलियों में यह प्रश्न पूछते रहा: **क्या तुम्हारा वह छोटा भाई, जिसकी चर्चा तुम ने मुझ से की थी, यही है?** वह अपने प्रश्नों में इतना गतिशील था कि उसने उनको उत्तर देने का अवसर ही नहीं दिया। इसके बजाए उसने कहा, **हे मेरे पुत्र, परमेश्वर तुझ पर अनुग्रह करे।**

इस अचानक दिए गए आशीर्वाद ने अन्य भाइयों को सम्भवतः हैरान कर दिया होगा और वे सोचते होंगे, "इस शासक ने हमें इस तरह क्यों कहा है?" यूसुफ़ का बिन्यामीन को "मेरे पुत्र" कहकर सम्बोधित करना यह आयु अन्तर को नहीं दर्शाता है भले ही वह अपने भाई से कई वर्ष बड़ा था। इसके बजाय, यह छोटों के प्रति बड़ों का एक उदार मनोभाव है। यह यूसुफ़ के भेस बदलने का, एक वरिष्ठ अधिकारी की भूमिका में मिस्री शासन का एक भाग रहा है जो छोटे इब्रानी मनुष्य (*नार;* 43:8) को सम्बोधित कर रहा था।

आयत 30. यूसुफ़ **बहुत ही विचलित** हो गया और बिन्यामीन को देखकर वह उसका मन भर आया, **यूसुफ़ रोने के लिए जल्दी से कमरे में चला गया।** अपने भाइयों की दृष्टि से ओझल होकर, **वह अपनी कोठरी में गया और वहाँ पर जाकर रोया** जब तक उसने अपने ऊपर नियन्त्रण नहीं पा लिया और इसका पता न चले इससे बचता रहा। यह कहानी प्रायः यूसुफ़ को रोते हुए चित्रित करती है (42:24; 43:30; 45:2, 14, 15; 46:29; 50:1, 17)। केनेथ ऐ. मैथ्यूस ने निष्कर्ष निकाला, "यदि यिर्मयाह को 'रोने वाला' नबी कहा गया है तो यूसुफ़ 'रोने वाला' कुलपति है।"[10]

आयत 31. फिर अपना मुंह धोकर निकल आया, और अपने को शांत कर कहा, **भोजन परोसो।** यूसुफ़ अपने अकाल ग्रस्त भाइयों को भोजन परोस रहा था - जिन में से नौ ने, बहुत वर्ष पहले, बैठकर खाना खाया था जब वह गढ़हे के अन्दर पड़ा था और उनसे दया की भीख मांग रहा था (37:24, 25; 42:21)।

आयत 32. भोजन पर बैठने की व्यवस्था जो यूसुफ़ ने की थी आज के पाठक के लिए कुछ अजीब सी दिखाई देती है: दासों को भोजन और दाखमधु उनके स्वामी के द्वारा ही परोसा गया और उसके भाइयों ने स्वयं लिया और **मिस्री जो अपने आप ही खाते थे**। उस प्राचीन समाज में सांस्कृतिक और सांस्कारिक श्रेणीबद्ध प्रतिष्ठा को देखा जाता था। आम मिस्री यूसुफ़ जैसे उच्च अधिकारी के साथ खाना नहीं खाएगा, और **मिस्रियों** को पराए लोगों से अलग रहना था। इस निषेध में **इब्रानी** लोग भी आते थे, जिनके साथ बैठकर वह रोटी नहीं खाते थे; एक ही मेज़ पर भोजन खाना उनके लिए **घृणास्पद** होगा (देखें 46:33, 34; निर्गमन 8:26)। घृणास्पद के लिए इब्रानी शब्द תּוֹעֵבָה *(थोएबाह)* है इसे "तिरस्कार" (NIV) या "द्वेष" (ESV) भी अनुवाद किया जा सकता है।

आयत 33. इस प्रभावशाली मिस्री मेज़बान के साथ भोजन करने का न्योता कोई संदेह नहीं भाई इससे बहुत हैरान थे, परन्तु हम उनके आश्चर्य की कल्पना ही कर सकते हैं **बड़े बड़े पहिले, और छोटे छोटे पीछे, अपनी अपनी अवस्था के अनुसार, क्रम से बैठाए गए:** यह देख वे विस्मित् होकर एक दूसरे की ओर देखने लगे (देखें 44:12)। उनको इस बात से आश्चर्यचकित होना ही था, "वह हमें हमारी आयु के अनुसार हमसे बिना पूछे कैसे बैठा सकता है?" यह अचानक ही नहीं हुआ होगा, परन्तु उनके पास इसका कोई उत्तर नहीं था कि यह कैसे हो गया। वह मात्र इतना ही कर सके **वे विस्मित होकर एक दूसरे की ओर देखने लगे**।

आयत 34. उसके भाइयों का सही आयु के हिसाब से बैठना और **अपनी ही मेज़ से उन्हें उनका भाग देना**, यूसुफ़ ने अपने अतिथियों को हैरान कर दिया; परन्तु वे अवश्य ही चक्कर में पड़ गए होंगे जब यूसुफ़ ने बिन्यामीन को उनसे **पाँच गुणा** अधिक भोजन दिया। इसमें कोई शक नहीं कि वे आपस में कहते होंगे कि क्यों बिन्यामीन के साथ इस तरह का पक्षपात किया गया (देखें 45:22; 1 शमूएल 1:4, 5)। ऐसा दिखाई देता है कि इन अनोखे कार्यों से, यूसुफ़ अपने भाइयों के साथ सीधे बातचीत किए बिना ही अपनी पहचान के संकेत दे रहा था।

अपनी उलझन में भी, भाइयों ने यूसुफ़ के साथ **मनमाना खाया पिया**। इसका अर्थ यह है कि जैसा कि प्राचीन उत्सव की प्रथा थी, "उन्होंने मन माना खाया पिया" (NJPSV)। मदिरा ने उन सबको "निश्चिन्त" कर दिया (CEB)। इब्रानी שָׁכַר *(शकर)* शब्द का इस बाइबल अंश में वास्तविक अर्थ है "नशे में होना" या "नशे में धुत हो जाना"।[11] परन्त, यदि शाब्दिक अनुवाद को स्वीकार किया जाए (देखें टीईवी), इसका अर्थ यह नहीं है कि लेखक ने यूसुफ़ और उसके भाइयों के कार्यों की सराहना की है।[12] यदि वे मदिरा के नशे में धुत हो गए तो आज परमेश्वर के लोगों को इस उदाहरण का प्रयोग नहीं करना चाहिए, इससे बढ़कर हमें जलप्रलय के बाद नूह के नशे में धुत होने का अनुकरण भी नहीं करना चाहिए (9:21)।

अनुप्रयोग

परमेश्वर का मार्गदर्शन (अध्याय 43)

यूसुफ़ की कहानी हमें सिखाती है कि कैसे परमेश्वर लोगों को अपने जीवन की घटनाओं को उसकी परम इच्छा को पूरा करने के लिए मार्गदर्शन कर सकता है। विशेष रूप से, उत्पत्ति 43 उसके मार्गदर्शन की अन्तर्दृष्टि प्रदान करता है।

परमेश्वर लोगों को अपनी ओर मार्गदर्शन करने के लिए जीवन की परिस्थितियों के दबाव को प्रयोग कर सकता है। अकाल के कारण, याकूब ने अपने पुत्रों को अनाज खरीदने के लिए मिस्र भेज दिया। पहले पहल तो याकूब ने अपने पुत्रों के साथ अपने पुत्र बिन्यामीन को मिस्र भेजने से स्पष्ट इनकार कर दिया था, भले ही रूबेन ने उसकी सुरक्षा के रूप में अपने दो पुत्रों के जीवनों को दांव पर लगा दिया था (42:37, 38)। याकूब का रूबेन से बहुत पहले ही विश्वास उठ गया था; और उसने सोचा कि यूसुफ़ और शिमोन सदा के लिए चले गए हैं। जब वे मिस्र वापिस गए तो वह बिन्यामीन को अपने पुत्रों के साथ भेजने के लिए राज़ी नहीं था, क्योंकि उसे अपने पुत्र को खोने का डर था। यह सम्भावना कि यह परिवार इस अकाल में बच पाएगा, कठिन थी। परिवार में याकूब और उसके पुत्रों के बीच तनाव असहनीय हो गया होगा; परन्तु विशेषकर बिन्यामीन के लिए मुश्किल हो गया था क्यांकि उसका पिता स्वार्थवश अपने प्रिय जनों के प्राणों से खेलकर उसे बचाना चाहता थाः उसके पुत्र, उनकी पत्नियां, और उनके बच्चे (46:46 के अनुसार "छियासठ व्यक्ति")।

स्वार्थ को सम्पूर्ण बाइबल में निन्दित किया गया है। यह अपनी ज़रूरतों, इच्छाओं और सोच को पहले रखता है। आत्मकेन्द्रिता व्यक्तिगत रूप से इस तरह से कार्य करती है जैसे सारे संसार को उसी की इच्छाओं को पूरा करना चाहिए और जब उनको वह नहीं मिलता जो वह चाहते हैं तो वे हानिकारक तरीकों से जवाबी हमले करते हैं। इस तरह के विनाशकारी व्यवहार का उदाहरण हम कैन में देखते हैं (4:1-15), जलप्रलय से पहले दुष्ट लोग (6:1-12), सदोम के लोग (19:1-9), शिमशोन के पलिश्ती स्त्री के साथ यौन सम्पर्क (न्यायियों 14:1-16:31), दाऊद का बतशेबा के साथ व्यभिचार (2 शमूएल 11:2-12:23), नाबोत की दाख की बारी लेने के लिए अहाब की लालसा (1 राजा 21:1-16), और धन के लिए यहूदा का लोभी इच्छा (मत्ती 26:14-16; यूहन्ना 12:3-8)।

ज्यों ज्यों कनान देश में अकाल गम्भीर होता गया, याकूब और उसका परिवार वह अनाज खा चुके थे जो वह मिस्र से लेकर आए थे। इसलिए कुलपति ने अपने पुत्रों को फिर से आदेश दिया - बिन्यामीन की आपत्ति के साथ - "थोड़ी भोजन वस्तु खरीदने के लिए" मिस्र जाएँ (43:1, 2)। यह वही महत्वपूर्ण क्षण था कि यहूदा अपने पिता को समझाने के लिए आगे आया। उसने याकूब को मिस्री शासक के दृढ़ कथन को बताया कि अपने छोटे भाई के बिना उनका मिस्र जाना व्यर्थ ही होगा। यदि वे अपने साथ बिन्यामीन को न ले जाएँ तो मिस्र जाने का

कोई लाभ नहीं, उनको कोई अनाज नहीं मिलेगा और शिमोन कैद में ही रहेगा। परमेश्वर, यूसुफ़ के द्वारा एक पुनःमिलन को लाने जा रहा था जिसका परिणाम क्षमा और पश्चाताप होगा।

परमेश्वर हृदयों को बदलने के लिए बोझ का प्रयोग कर सकता है। यहूदा के हृदय का बोझ उसे व्यवहार के बदलाव की ओर ले गया। वह जानता था कि सारे परिवार के भलाई के लिए उसे कदम उठाने की ज़रूरत है। उत्पत्ति में इस समय से पहले, यहूदा के जीवन और उसके चरित्र के विषय कुछ विवरण मिलता है; उसे स्वार्थी, कुटिल और अनैतिक दर्शाया गया है (38:1-26)। इसके अतिरिक्त, उसने प्रत्यक्ष रूप से अपने भाई यूसुफ़ को छोड़कर धन को अधिक चाहा, क्योंकि उसी ने दूसरे भाइयों को उसे व्यापारियों के हाथ बेचने का सुझाव दिया था (37:26, 27)। पाठक समझ गए होंगे कि यहूदा में याकूब के बच्चों में अगुआई करने का कोई ज़रूरी गुण नहीं था। वास्तव में, मिस्र से बिन्यामीन की सुरक्षा की गारंटी देने वाला पिता के सामने यहूदा सबसे कम स्तर का पाया जाने वाला व्यक्ति दिखाई देता है; परन्तु यही उसने किया (43:9)। ऐसा दिखाई देता है कि परमेश्वर की सुरक्षा का अदृश्य हाथ याकूब के चौथे पुत्र के जीवन में कार्य कर रहा था। परमेश्वर का मुख्य लक्ष्य याकूब के सारे परिवार को मिस्र देश में भेजने का था, जहाँ वे रहेंगे और "चार सौ वर्षों" से भी अधिक समय तक बढ़ते रहेंगे, जब तक कि वहाँ से निकलने का सही समय न आए (15:13-16; देखें निर्गमन 12:40)।

सबसे पहले, याकूब को बिन्यामीन को अपने भाइयों के साथ मिस्री शासक से मिलने भेजने के लिए सहमति देनी थी। इस दौरान, परमेश्वर अन्य लोगों के हृदयों में भी कार्य करेगा। सही दिशा में एक मुख्य कदम उठा जब याकूब ने महसूस किया कि यहूदा के हृदय में बिन्यामीन के लिए भारी बोझ है। वह इसका सारा कारण नहीं जानता था, परन्तु वह इस बात के लिए राज़ी हो गया था कि यहूदा की अपनी छोटे भाई के प्रति चिन्ता वास्तविक थी - और यह वास्तव में थी। यहूदा को न केवल अपराध बोध ही था क्योंकि उसने यूसुफ़ को दास होने के लिए बेचने के लिए दूसरों को उत्साहित किया था परन्तु उसे अपने पिता के दुःखी हृदय और यूसुफ़ के खोने के उसके आँसू भी याद थे। इसलिए, यहूदा बिन्यामीन पर कुछ भी हो जाए उसे अपने ऊपर लेने के लिए तैयार था। प्रत्यक्ष रूप से वे अपने पिता के दो चहेते पुत्रों के मरने से दुःखी होकर मरने के विचार को सह नहीं सका।

भले ही याकूब बिन्यामीन को उसके भाइयों के साथ अनाज खरीदने के लिए, मिस्री शासक की मांग को पूरा करने के लिए अनिच्छा से सहमत हो गया था, वह अभी भी भयभीत था कि उसके पुत्रों के साथ क्या हो जाएगा। इसलिए, याकूब ने बिन्यामीन और उसके भाइयों को परमेश्वर की उसी आशीष के साथ भेजा जो उसके पिता ने बहुत वर्ष पहले उसे हारान जाते समय अपना घर छोड़ते हुए दी थी (28:3, 4)। याकूब ने कहा, "और सर्वशक्तिमान ईश्वर उस पुरुष को तुम पर दयालु करेगा, जिस से कि वह तुम्हारे दूसरे भाई को और बिन्यामीन को

भी आने दे।" फिर उसने कहा, "यदि मैं वंचित हुआ तो होने दो" (43:14)।

याकूब की प्रार्थना यह चित्रित करती है कि अज्ञात भविष्य की चिन्ता कभी कभी किसी की भली बात को सामने ले आती है। याकूब ने जान लिया था कि उसके बच्चों को बचाने की परमेश्वर की इच्छा न हो - यदि यही बात है तो उसे यह स्वीकार करना पड़ेगा। विश्वास की कमी को दिखाने की बजाए वह वास्तव में "विश्वास ... के लिए" चुप रहा (गला. 3:23)। विश्वास सफलता की गारंटी नहीं देता, फिर भी उसके पास अपने परिवार को बचाने का अन्य कोई उपाय नहीं था।

रानी एस्तेर के मन में भी इसी तरह की उलझन थी, यदि वह राजा की आज्ञा के बिना उसके पास जाती थी तो उसे अपने जीवन का खतरा था (एस्तेर 4:11)। जब यहूदी लोगों को फारसी साम्राज्य में दुष्ट हामान के द्वारा घात करने की धमकी दी गई थी (एस्तेर 3:12, 13), उसने खतरा मोल लिया और कहा, "यदि मैं नाश हो गई तो हो गई" (एस्तेर 4:16)। उसका कथन याकूब की घोषणा के अनुरूप ही था "यदि मैं वंचित हुआ तो होने दो।" किसी के पास भी आने वाली घटना से सम्बन्धित आशावादी फल की गारंटी नहीं थी जो बोझ उनके हृदयों में था; दोनों ही ने विश्वास से कार्य किया, परमेश्वर की दया और करुणामयी प्रतिज्ञाओं के आधार पर जो परमेश्वर ने अब्राहम से और उसके वंश से की थी (12:3; 17:7, 19; 22:18; 26:4; 28:14; एस्तेर 4:14; 8:10, 11, 17; 9:1-10)। इन दोनों घटनाओं का फल यह था कि परमेश्वर ने उनके हृदयों की अभिलाषाओं को पूरा किया जैसे कि उसने उनको बचाने में और लोगों को उनकी भयानक मृत्यु से बचाने के लिए अपने अनुग्रह का कार्य किया।

परमेश्वर अपने विश्वासयोग्य लोगों की बिनतियों को हमेशा पूरा नहीं करता; कभी कभी उसके पास उससे बढ़कर योजना होती है जो कि व्यक्तिगत इच्छाओं के साथ संघर्ष करती है। इसका श्रेष्ठ उदाहरण गतसमनी में प्रभु यीशु की प्रार्थना है, जब वह रोया और प्रार्थना की कि उसे दुःख का प्याला (क्रूस की मृत्यु) न पीना पड़े। उसने अपनी प्रार्थना को यह कहते हुए समाप्त किया, "मेरी नहीं परन्तु तेरी इच्छा पूरी हो" (लूका 22:42)। पूर्ण मनुष्य होने के नाते, यीशु क्रूस की मृत्यु से डरा; परन्तु वह पूर्ण दिव्य भी था और जानता था कि वह एक कष्ट सहने वाला सेवक है जिसे संसार के पापों के लिए मरना ही है (यशा. 53:11, 12; मरकुस 10:45)।

इब्रानियों की पत्री का लेखक उस काली रात की गतसमनी बाग में आत्मा के विषय में उल्लेख करता है, कहा कि यीशु "उस ने अपनी देह में रहने के दिनों में ऊंचे शब्द से पुकार-पुकारकर और आंसू बहा-बहाकर उससे जो उसको मृत्यु से बचा सकता था" (इब्रा. 5:7)। परन्तु, हमारे प्रभु का परमेश्वर की इच्छा के अधीन होना यह निश्चय ही विचारहीन नियति को स्वीकार करना नहीं था। न ही याकूब का निर्णय था। जब याकूब का विश्वास प्रभु यीशु के समान महान विश्वास नहीं था, इसे आलोचनात्मक दृष्टि से नहीं लेना चाहिए। याकूब बिन्यामीन को मिस्र भेजने से डरता था, फिर भी उसने ऐसा करना स्वीकार

किया जो उसके परिवार को बचाने की एक ही आशा थी कि अपने छोटे पुत्र को उसके भाइयों के साथ भेज दे। याकूब की प्रार्थना इस तथ्य को चित्रित करती है कि अज्ञात भविष्य की चिन्ता कभी कभी मनुष्य का बेहतर पहलू दिखाता है। अब याकूब चालबाज़ नहीं था या अपने ही कुटिल प्रयासों से समय को धोखा देने का प्रयास नहीं कर रहा था; अब वह असहाय प्रार्थी था जो अपने परिवार की दुर्दशा के कारण स्वयं को और अपने पुत्रों को परमेश्वर की दया और तरस पर छोड़ सकता था। अपनी कठिन परिस्थितियों में परमेश्वर की संतान प्रायः यही कर सकती है।

पश्चाताप की स्थिति में लाने के लिए परमेश्वर लोगों के हृदयों को छेद सकता है। परमेश्वर ने यूसुफ़ के गहन आतिथ्य और उसके दासों को मिस्र में भाइयों के हृदयों में कार्य करने के लिए प्रयोग किया। जब याकूब ने अन्ततः अपने पुत्रों को बिन्यामीन सहित मिस्र भेजने का निर्णय किया, वे मिस्री शासक के लिए उपहार ले गए। इससे भी बढ़कर, उन्होंने वह धन वापिस करने का प्रयास किया जो उनके बोरों में पाया गया था जो प्रमाण था कि वे निष्ठावान व्यक्ति हैं। धन के विषय सोचकर उनके मन व्याकुल थे। भले ही वे चोरी के अपराध से निर्दोष थे, वे इस बात से डरते थे कि कहीं उनके साथ अपराधियों जैसा व्यवहार न किया जाए।

जब भाई मिस्र में पहुँच गए, यूसुफ़ ने उनके साथ बिन्यामीन को देखा; इसलिए उसने अपने दासों को निर्देश दिया कि उनके साथ दया का व्यवहार किया जाए और उनको अपने घर में भोजन खाने के लिए बुलाया ताकि वे सभी मिलकर भोजन खा सकें (43:16)। इस बात ने भाइयों के भय को कम नहीं किया क्योंकि उन्होंने सोचा कि यह कोई चाल है। उन्होंने कुछ ऐसा महसूस किया कि उन पर चोरी का आरोप लगाया जाएगा, उन्हें पकड़ लिय जाएगा और उन्हें दण्ड दिया जाएगा, यहाँ तक कि इस अपराध के लिए मृत्यु के घाट भी उतारा जा सकता है (43:18)।

भाई इतने भयभीत क्यों थे, क्योंकि वे जानते थे कि वह धन को चुराने के दोषी नहीं हैं और अपनी निर्दोषता को प्रमाणित करने के लिए वह उस धन को वापिस लाए थे? इसका यह उत्तर दिखाई देता है कि वह विश्वासघात के कार्य के अपराध के प्रति जागरूक थे: उन्होंने अपने भाई यूसुफ़ को उसके हाल पर छोड़ने और दास के रूप में बेचकर अपने भाई को उसकी स्वतंत्रता से वंचित किया था। यूसुफ़ के लिए इस तरह के कार्य करने के भाव ने भाइयों को संदेही और अविश्वासी बना दिया था, यहाँ तक कि यूसुफ़ की उन पर दया होने पर भी वे सोचने लगे कि यह कोई चालबाज़ी है। अपराध बोध को सहन करना कोई आसान बात नहीं है, और यह लोगों का आनन्द छीनने का एक तरीका है।

दरअसल, यह ऐसा दिखाई देता है कि यूसुफ़ ने अपने भाइयों के साथ भोजन का आयोजन दया के कार्य के रूप में किया उन्हें शान्ति में रखने के लिए और यह देखने के लिए कि क्या उन्होंने बिन्यामीन के साथ ईर्ष्या और दुष्ट कार्य तो नहीं किया, जैसे कभी उन्होंने उसके साथ किया था। भाइयों को कुछ पता नहीं था कि

यूसुफ़ के मन में क्या है; उन्होंने यूसुफ़ के सेवक को अपनी निर्दोषता के विषय समझाने का प्रयास किया। उन्होंने ऐसा सोचा कि यदि वे उसको समझा देंगे तो वह मिस्री शासक के सामने उनकी बात को रखेगा और जिस क्रोध से वे डरते थे उसके बदले में उन पर दया करे (43:20-22)।

यदि घर में जाने और इस धनी और प्रभावशाली मिस्री के भोजन करने का निमन्त्रण ने भाइयों को हैरान और भयभीत कर दिया, तो उनको दूसरा झटका तब लगा जब सेवक ने उन्हें एक ईश्वरीय व्याख्यान दिया जिस भलाई के विषय उन्होंने सोचा भी न था: "तुम्हारा कुशल हो, मत डरोः तुम्हारा परमेश्वर, जो तुम्हारे पिता का भी परमेश्वर है, उसी ने तुम को तुम्हारे बोरों में धन दिया होगा, तुम्हारा रुपया तो मुझ को मिल गया था" (43:23)। भाइयों को हैरानी हुई होगी कि यह सेवक उनके और उनके पिता के परमेश्वर के विषय कैसे जानता है। इसके आगे, यह कैसे कह सकता है कि यह धन परमेश्वर की ओर से वरदान है? यह उस बात से बिलकुल विपरीत था जो भाइयों इस घटना के विषय सोचा था: उन्होंने सोचा कि उनके बोरों में यह धन उनके पाप के लिए परमेश्वर के दण्ड का प्रमाण है (42:28)।

एक के बाद एक, उलझन में डालने वाली घटनाएँ हो रही थीं। शिमोन को अपने भाइयों से मिलाने के लिए बाहर लाया गया, और सबका सम्मानित अतिथियों के समान व्यवहार किया गया (43:24)। जब यूसुफ़ आया, उसने उनको शालीनतापूर्वक स्वीकार किया, और उनकी और उनके पिता की कुशलता के विषय पूछा। उसने अपने छोटे भाई को आशीष दी तब स्वयं दूर हो गया (43:27-30)। इस समय तक, यूसुफ़ अपनी भावनाओं को रोक न सका; परन्तु अभी वह आश्वस्त नहीं था कि उसके भाई बदल गए थे जिनपर वह भरोसा कर सके।

जब उसने अपनी भावनाओं पर नियन्त्रण पाया, यूसुफ़ ने अपना चेहरा धोया और भोजन के लिए अपने भाइयों के पास आ गया (43:31)। यह अनोखा भोज उनके लिए यूसुफ़ की अगली परीक्षा थी। यूसुफ़ की ओर से सेवा किए जाने के अतिरिक्त और मिस्रियों की प्रथा और सामाजिक कारणों के कारण, भाइयों को उनकी आयु के क्रम के अनुसार बैठाया गया (43:32, 33)। यह या तो यह गूढ़ संयोग है या यह ईश्वरीय हस्तक्षेप का प्रकटीकरण है।

इस परख में, यूसुफ़ देखना चाहता था कि भेदभाव के प्रति भाइयों की क्या प्रतिक्रिया होगी। बिन्यामीन को अपनी मेज़ से शेष भाइयों से पाँच गुणा अधिक भोजन दिया गया, यूसुफ़ जान लेता कि यदि भाई राहेल, उनके पिता की प्रिय पत्नी के इस अन्तिम पुत्र के लिए असन्तोष का विचार करते। परन्तु इस तरह का कोई असंतोष नहीं देखा गया, उन सबने भोजन का आनन्द लिया और मन माना खाया पीया (43:34)।

यूसुफ़ अभी भी उनकी ओर से पश्चाताप के प्रमाण को देख रहा था ("परमेश्वर भक्ति का शोक"; 2 कुरि. 7:9-11)। भाइयों ने यूसुफ़ को जो दास के रूप में बेच दिया उससे क्षमा मांगने की ज़रूरत थी; और उन्हें अपने पिता को

धोखा देने के लिए क्षमा मांगने की ज़रूरत थी। बहुत वर्षों से यह परिवार दिखावे के अहंकार, ईर्ष्या, झगड़े, झूठ, कटुवचनों और कार्यों के कारण से दुःखी था। उन्हें कड़वाहट, क्रोध, कोप और डाह को दूर करने की आवश्यकता थी और एक दूसरे के प्रति दयालु, नेक और क्षमा करने को सीखने की ज़रूरत थी (देखें इफि. 4:31, 32)।

शालोम (43:23, 27)

इब्रानी शब्दावली שָׁלוֹם *(शालोम)* को यूसुफ़ की कहानी में कई भिन्न भिन्न तरीकों से प्रयोग किया गया है। अध्याय 37 में, भाई यूसुफ़ को ("मित्रता" भाव में) *शालोम* नहीं बोल जाए, अपने पुत्रों पर याकूब की पसंद के कारण (37:4)। बाद में, याकूब ने यूसुफ़ को अपने भाइयों का हालचाल *शालोम* ("कुशल") पूछने के लिए शकेम को भेजना (37:14)। पद 43:23 में, यूसुफ़ के सेवक का भाइयों के साथ *शालोम* ("आराम में रहें") की टिप्पणी करता है, और उन्हें कहता है, "डरो मत।" जब यूसुफ़ घर वापिस आया, उसके भाइयों ने उसे याकूब के उपहार दिए, और उसने उनके और उनके पिता के *शालोम* ("कुशल") के विषय पूछा (43:27)।

समाप्ति नोट्स

[1]क्लॉस वेस्टरमैन, "כבד," *थियोलोजिकल ऑफ दि ओल्ड टैस्टामेंट* में, ट्रांस. मार्क ई. बिड्डल, इडी. एर्नस्ट जेन्नी एण्ड क्लॉस वेस्टरमैन (पीबॉडी, मास.: हैंड्रिक्सन पबलिशर्स, 1997), 2:592. [2]जोहन टी. विल्लिस, *जेनेसिस*, दि लिविंग वर्ड कमैंट्री (ऑस्टिन, टेक्सस,: स्वीट पबलिशिंग कम्पनी, 1979), 416. [3]यह शब्दावली आमतौर पर (नार) "बच्चे" या "युवा पुरुष" का उल्लेख करती है। परन्तु, यह आयु के बड़े दायरे को प्रस्तुत करती है, शैशवकाल (निर्गमन 2:6) से परिपक्व व्यक्ति तक (2 शमूएल 14:21; 18:5)। (मिल्टन सी. फिशर, "נַעַר," *TWOT* में, 2:585-86.) [4]यूसुफ़ को न केवल बच्चे के रूप में उल्लेख किया गया जब 17वर्ष का था (37:2), परन्तु जब वह तीस वर्ष का था तब भी (41:12, 46)। इस शब्दावली से ऐसा संकेत मिलता है कि उसे अभी भी छोटे बच्चे की तरह ही माना गया। [5]भरपूरी के सात वर्ष और अकाल के दो वर्ष बीत गए थे जब यूसुफ़ ने स्वयं को अपने भाइयों पर प्रकट किया (45:6), इसका अर्थ हुआ कि वह उस समय उनतालीस वर्ष का था। [6]जमानत के लिए עָרַב *('अरब)* इब्रानी क्रिया का सम्बन्ध संज्ञा अनुवादित 38:17, 18 में "रेहन" עֵרָבוֹן *(एराबोन)* से है। उस बाइबल अंश में यहूदा ने अपनी मोहर, बाजुबन्द और अपनी छड़ी तामार को रेहन के रूप में बकरी के बच्चे का भुगतान होने तक दे दी थी। [7]एस्तेर का कथन, "यदि मैं नाश हो गई तो हो गई" (एस्तेर 4:16) दोनों का एक ही अर्थ है। एस्तेर के मामले में, यहाँ उसका अपना जीवन था, जो खतरे में था; यहाँ याकूब सोचता है कि उसके बच्चों की जान खतरे में है। [8]फ्रांसिस ब्राऊन, एस. आर. ड्राइवर, और चार्ल्स ए. ब्रिग्गस, *ऐ हिब्रयू एण्ड इंगलिश लैक्सिकोन ऑफ दि ओल्ड टैस्टामेंट* (ऑक्सफोर्डः क्लेरंडन प्रैस, 1962), 835. [9]इब्रानी बाइबल अंश शाब्दिक रूप से कहता है, "तुम्हें [שָׁלוֹם, *शालोम]* शान्ति मिले।" [10]केनेथ ऐ. मैथ्यूस, *जेनेसिस 11:27-50:26*, दि न्यू अमेरिकन कमैंट्री, वाल. 1बी (नैशविल: ब्रोडमैन & होलमन पबलिशर्स, 2005), 791.

[11]ब्राऊन, ड्राइवर, और ब्रिग्गस, 1016. [12]विल्लिस, 419.